हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 मुलाकात में परेशानी, अवैध गतिविधियों का आरोप, एसडीएम...



07 मुख्यमंत्री ने दिया नगर के सर्वांगीण विकास में मदद करने का ...



मेहंदी, चूड़ियों व पारंपरिक परिधानों से सजीं महिलाओं को लंबे इंतजार के बाद हुए चांद के दीदार

करवा चौथ पर महिलाओं ने किया सोलह श्रृंगार सुहाग की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत











हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

करवा चौथ के पावन पर्व पर महिलाओं में विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सुहाग की लंबी उम्र, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ व्रत रखा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा किए गए सोलह श्रृंगार ने पर्व की खुशियों को और भी खास बना दिया। इस वर्ष आसमान में बादल छाए रहने तथा हल्की बूंदाबांदी के चलते महिलाओं को चंद्र दर्शन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा तत्पश्चात उन्हें आसमान में चंद्र दर्शन हुए।

पति की दीर्घायु के लिए रखा निर्जला व्रत, चंद्र दर्शन के बाद खोला उपवास

करवा चौथ पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ निर्जला व्रत रखा। मंदिर पहुंच कर महिलाओं द्वारा विधि विधान से पूजन भी की गई। दिन भर बिना अन्न जल के व्रत रखने के बाद रात को सभी की निगाहें आसमान की ओर टिकी रही। लेकिन आसमान में बादल छाए रहने तथा हल्की बूंदाबांदी के चलते महिलाओं को काफी देर तक चंद्र दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा। रात्रि 10 बजे पश्चात जैसे ही चंद्रोदय हुआ और चांद का दीदार हुआ, महिलाओं के चेहरे खिल उठे। सुहागिनों ने घरो कि छतों और आंगनो में छलनी से पहले चंद्रमा को और फिर अपने पति का चेहरा देखा। चंद्रमा को अर्ध्य अर्पित करने के बाद पतियों ने पत्नियों को जल पिलाकर और मिठाई खिलाकर उनका व्रत संपन्न करवाया। महिलाओं ने एक-दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं देते हुए पर्व की खुशियां साझा कीं। करवा चौथ भारतीय संस्कृति और वैवाहिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महिलाएं विधि-विधान से करवा माता की पूजा-अर्चना करती हैं तथा करवा चौथ की कथा सुनती हैं। दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाओं को चंद्रमा के दर्शन और पूजन का इंतजार रहता है। चंद्र दर्शन के बाद परंपरानुसार अर्घ्य देकर महिलाएं अपने व्रत का पारण करती हैं। पर्व के चलते घरों में भी उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

बाजारों में भी दिखाई दी रौनक

नगर में करवा चौथ पर्व पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ मनाया गया। नगर के कपड़ा बाजार, सराफा, कॉस्मेटिक ओर पूजन सामग्री दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखी गई। महिलाओं ने ब्यूटी पार्लर में भी एडवांस बुकिंग कर रखी थी, वही मेहंदी बनाने वाली महिलाओं के यहां भी पूर्व से बुकिंग कर रखी थी। जिससे वहां भी दिन भर चहल-पहल रही। कुल मिलाकर करवा चौथ का पर्व आस्था, प्रेम, पारिवारिक एकता और भारतीय संस्कृति की खूबसूरत झलक लेकर आया।

इसके बाद महिलाओं के चेहरे खिल उठे। सुहागिनों ने घरों की छतों और आंगनो में छलनी से पहले चंद्रमा को और फिर अपने पति का चेहरा देखा। चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित करने बाद पतियों ने पत्नियों को जल पिलाकर और मुंह मीठा करवा कर उनका व्रत संपन्न करवाया।

करवा चौथ के अवसर पर सुबह से ही महिलाओं में पर्व को लेकर उत्साह नजर आया। महिलाओं ने पारंपरिक साड़ी, लहंगा और आकर्षक परिधानों के साथ साज-श्रृंगार किया। हाथों में रची मेहंदी, रंग-बिरंगी चूड़ियां, माथे पर बिंदी, मांग में सिंदूर और आकर्षक आभूषणों से महिलाओं का रूप निखर उठा।

सौभाग्य व अखंडता का पर्व करवाचौथ

सोलह श्रृंगार कर चांद को देखने के बाद महिलाओं ने खोला व्रत





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड

पति की लंबी उम्र की कामना के साथ गुरुवार को नगर में सुहागिनों ने सौभाग्य और अखंडता का पर्व करवा चौथ पर्व मनाया। महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर भगवान से पति की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही पूजा-अर्चना कर करवा चौथ व्रत की कथा का श्रवण किया।नगर में करवा चौथ पर व्रत रखने वालीं महिलाओं ने चंद्रमा निकलते ही चंद्रमा को जल का अर्घ्य दिया। इसके बाद उन्होंने छलनी में चांद और पति का चेहरा देखने के बाद पति के हाथ से पानी पी कर अपना व्रत पूरा किया।सूर्यास्त के बाद से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर आसमान की ओर देखते हुए चांद के निकलने का इंतजार कर रही थी मगर उनकी इच्छा देर रात पूरी हुई। रात्रि में करीब 10:30 पर चांद के निकलने के साथ ही महिलाओं ने पूजन अर्चन कर पति के हाथों अपना व्रत खोला।

इस लिए खास है करवाचौथ व्रत

करवा चौथ का दिन और संकष्टी चतुर्थी, जो कि भगवान गणेश के लिए उपवास करने का दिन होता है दोनो एक ही समय होते हैं। विवाहित महिलाएं पति की दीर्घ आयु के लिए करवा चौथ का व्रत और इसकी रस्मों को पूरी निष्ठा से करती हैं। विवाहित महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और कार्तिकेय के साथ-साथ भगवान गणेश की पूजा करती हैं और अपने व्रत को चन्द्रमा के दर्शन और उनको अर्घ अर्पण करने के बाद ही पानी ग्रहण कर व्रत पूरा करती हैं।

करवा चौथ दिवाली की रौनक

गुरुवार को करवा चौथ पर्व को लेकर बाजार में खरीद फरोख्त करती महिलाओं की भीड़ नजर आई।पूजा पाठ की सामग्री छलनी करवा से लेकर सोलह श्रृंगार की वस्तुओं की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। बाजार में दिखी रौनक से दिवाली पर्व की आहट लगने लगी।

कलेक्टर ने किया समूह जल प्रदाय योजना के तहत घरों में पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण

लालूखेड़ी, सेमलखेड़ी में एक माह के अन्दर जल जीवन मिशन का संपूर्ण कार्य पूरा कर पर्याप्त प्रेशर के साथ जलापूर्ति सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल समूह जल प्रदाय योजना का सम्पूर्ण कार्य ग्राम लालूखेड़ी और सेमलखेड़ी में पूर्ण करवाना सुनिश्चित कर हर घर में पर्याप्त प्रेशर के साथ नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य भी उक्त समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत नलखेड़ा तहसील के ग्राम लालूखेड़ी एवं सेमलखेड़ी में जल जीवन मिशन के कार्यों को मौके पर निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों से चर्चा के दौरान जल जीवन मिशन जिला प्रभारी श्री राय को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एसडीएम देवकुंवर सोलंकी एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जल जीवन मिशन की क्रियान्वयन एजेंसी के प्रति नाराजगी व्यक्त

कलेक्टर ने ग्राम सेमलखेड़ी में ग्रामीणों एवं अधिकारियों के साथ ग्राम का भ्रमण कर रामकुंवर बाई एवं ओमप्रकाश सेन के घर में स्थापित नल कनेक्शन को देखा और उपभोक्ताओं से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने गांव के कुछ घरों में प्रेशर से नल से जल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत की। इसके साथ ही रोड़ रेस्ट्रोरेशन शन का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया और गुणवत्ता पूर्ण रेस्ट्रोरेशन कार्य पूर्ण





नहीं होने पर जल जीवन मिशन की क्रियान्वयन एजेंसी के प्रति नाराजगी व्यक्त की। लालूखेड़ी में नफीसा बी ने अपने घर में स्थापित नल में बिल्कुल प्रेशर नहीं आने की समस्या बताई, इस पर कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे इन दोनों गांवों में मिशन का कार्य पूर्ण करें और एक माह में योजना का सम्पूर्ण कार्य गुणवत्तापूर्ण पूरा करवाकर पर्याप्त प्रेशर के साथ नल से जल आपूर्ति हर घर मे सुनिश्चित करवाएं।

आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. मीना ने ग्राम लालूखेड़ी एवं सेमलखेडी. में आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया और बच्चों की कम उपस्थिति पर अप्रसन्नता जताई। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिले की सभी आंगनवाड़ियों में दर्ज बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों में नियमित रूप से अच्छी गुणवत्ता का गरम पका भोजन एवं नाश्तें का वितरण नियमित रूप से करवाएं। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं को आंगनवाड़ी से मिलने वाली सभी सेवाओं का नियमित रूप से सभी को लाभ दिलवाएं। कलेक्टर ने टेक होम राशन वितरण की स्थिति और उसकी गुणवत्ता के बारे में भी केन्द्र पर उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर जानकारी ली।

प्राथमिक विद्यालय लालूखेड़ी में अध्यापन कार्य का लिया जायजा



इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. मीना ने ग्राम लालूखेड़ी में संचालित प्राथमिक विद्यालय में पहुंच कर वहां शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को करवाए जा रहे अध्यापन कार्य का जायजा लिया तथा मध्यान्ह भोजन वितरण एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जानकारी विद्यार्थियों से ली। कलेक्टर ने कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों द्वारा स्व-प्रेरणा से अध्यापन कार्य करते पाए जाने पर शिक्षिका श्रीमती ममता जैन की सराहना की। उन्होंने विद्यालय की रसोई में जाकर तैयार किये जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को परखा और निर्धारित मेनू अनुसार प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एसडीएम देवकुंवर सोलंकी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियानः शिविर में 54 आवेदनों का मौके पर निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पटेला में जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में 93 आवेदन प्राप्त हुएअपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन तथा जिला अधिकारियों द्वारा शिविर में 54 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया जिन शिकायतो का निराकरण नहीं किया जा सका उनमें समय सीमा प्रदान की ।

अधिकारियों द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण

इसके पूर्व अधिकारियों द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर जन संवाद करके ग्रामीण जनों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण किया गया ।

अधिकारियों द्वारा दलौदा रेल ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। ग्राम एलची में बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति का निरीक्षण करते हुए खाद वितरण की जानकारी प्राप्त की गईअपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा स्वड्ढ२ मशीन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इसके अलावा बानी खेड़ी में शासन की योजना की मदद से गांव की युवाओं द्वारा संचालित की जा रही श्रीनाथ एंटरप्राइजेस दाल मिल का निरीक्षण किया गया। ग्राम सेमलिया हीरा में अपर कलेक्टर श्रीमती जायसवाल सीईओ श्री जैन तथा एसडीएम श्री पाटीदार द्वारा गौशाला का निरीक्षण तथा गायों को आहार खिलाया गया।

इसी गांव में श्री सत्यनारायण कुमावत के वर्मी कंपोस्ट उत्पादन का अवलोकन किया गया।सेमलिया हीरा के स्कूल में अपर कलेक्टर तथा सीईओ द्वारा बच्चों को भविष्य निर्माण के लिए प्रेरक उद्बोधन दिया गया।

उद्यम संवाद भी आयोजित हुआ

ग्राम पटेला में उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमें शासन की योजनाओं की मदद से उद्यमी बने क्षेत्र के युवाओं द्वारा अपनी सफलता की कहानी बताई गईजिससे अन्य व्यक्तियों ने भी प्रेरणा प्राप्त हुई।उद्यम संवाद में सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत सुराना दाल मिल के संचालक सुराणा सेंडस्टोन उत्पाद के अंतर्गत राम प्रसाद पाटीदार, ईश्वर लाल पाटीदार, कृष्ण सेंड के विशाल पाटीदार, बालाजी इंटरप्राइजेज के रमेश माली आरोही, गार्लिक की अनीता, हरि इंफ्रा के धीरज पाटीदार तथा सक्षम ट्रेडिंग के सुरेश गिर ने अपनी सफलता की कहानी प्रस्तुत की।

कलेक्टर ने किसान को कामधेनू योजना का लाभ दिलाने दिए निर्देश



नलखेड़ा। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम लालूखेड़ी का भ्रमण कर पशुपालक एवं किसान भगवानसिंह द्वारा उद्यानिकी विभाग के आर्थिक सहयोग से निर्मित प्याज भण्डारण केन्द्र का निरीक्षण कर इससे हुए लाभ तथा विभाग से मिली मदद के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर को किसान भगवान सिंह द्वारा डेढ़ लाख रूपए की मार्जिन मनी जमा करवाकर ग्रामीण बैंक से 7.14 लाख रूपए का पशुपालन ऋण लेकर छः उन्नत नस्ल की भैंस का पालन करने के बारे में विस्तार से अवगत कराया। पशुपालक ने बताया कि इससे उन्हें काफी लाभ हुआ है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी सुधार आया है। कलेक्टर ने उन्हें पशुपालन विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनू योजना के बारे में बताया और उप संचालक पशुपालन को निर्देश दिए कि वे कृषक पशुपालक श्री भगवान सिंह को इस योजना के तहत 25 गाय/भैंस पालन के लिये 42 लाख रूपए की ऋण सहायता का प्रकरण बनाकर लाभ दिलवाएं, जिससे कि वे अपने इस पशुपालन केन्द्र का विस्तार कर सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एसडीएम देवकुंवर सोलंकी, उप संचालक पशुपालन डॉ. महेश जारोलिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान कलेक्टर ने ग्राम बोरखेड़ी का किया भ्रमण

कलेक्टर ने ड्रिप-मल्चिंग से पपीते की खेती का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने विकासखंड नलखेड़ा के ग्राम बोरखेड़ी का भ्रमण कर प्रगतिशील कृषक शांतिलाल यादव के खेत में ड्रिप एवं मल्चिंग तकनीक से की जा रही पपीते की उन्नत खेती का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने खेती की लागत, उत्पादन एवं विपणन से संबंधित जानकारी ली। कृषक शांतिलाल यादव ने बताया कि उन्होंने वीएनआर किस्म के कुल 700 पपीते के पौधे लगाए हैं, जिसमें ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक का उपयोग किया गया है। प्रत्येक पौधे से 50 से 70 किलोग्राम उत्पादन अनुमानित है। बाजार में 20 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम भाव प्राप्त होने पर 10 से 11 लाख रुपये की सकल आय अपेक्षित है। इस खेती पर लगभग 02 से 02.5 लाख रुपये की लागत आई है, जिससे 7.5 से 8.5 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है। कलेक्टर डॉ. मीना ने जल संरक्षण की आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक लाभ अर्जित करने के लिए कृषक के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पपीते के साथ अमरूद एवं पुष्प की मिश्रित खेती अपनाने की सलाह दी, जिससे आय के स्त्रोतों में वृद्धि होगी एवं जोखिम कम होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी एसडीएम देव कुंवर सोलंकी, उपसंचालक उद्यानिकी अर्जुन सिंह राजपूत सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



कलेक्टर डॉ. मीना ने फोरलेन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



नलखेड़ा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने आमला से नलखेड़ा तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मीना ने मौके पर उपस्थित उपयंत्री से आमला से नलखेड़ा सड़क की कुल लंबाई, चौड़ाई, प्रस्तावित पुल-पुलियाओं के निर्माण, मार्ग में पड़ने वाले ग्रामों में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि इस मार्ग हेतु आवश्यक भूमि के भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण तत्काल करवाया जाए। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गति लाने हेतु आवश्यक मशीनरी एवं मानव संसाधन की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि सिंहस्थ से पूर्व फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो सके एवं श्रद्धालुओं को इसका अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, एसडीएम देवकुंवर सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

पूर्व प्राधिकरण उपाध्यक्ष मिश्रा का निधन



देवास। वरिष्ठ समाजसेवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. सुभाष चंद्र वेणीमाधव मिश्रा का 78 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही देवास में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. मिश्रा सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ जनता बैंक के पूर्व संचालक भी रहे।उनके निधन पर मां चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया, छोटू मिश्रा, जयसिंह ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, संजय सिंह चौहान, निशांत मिश्रा, कपिल मिश्रा सहित अनेक समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त किया।

आनंद आश्रम में कन्या भोज संपन्न



सोनकच्छ। अखंड तीर्थ आनंद आश्रम में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान की पूर्णाहुति के बाद 30 अक्टूबर को कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां दुर्गा एवं गुरुदेव की आरती के बाद कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें भेंट प्रदान की गई। इस अवसर पर संत आत्मानंद महाराज, जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, अजय सिंह बघेल, बाबूलाल परमार, राधेश्याम जोशी, सौभाग सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश पाटनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उपजेल में अधिवक्ताओं का हंगामा, जेलर की कार्यप्रणाली पर लगाए गंभीर आरोप

मुलाकात में परेशानी, अवैध गतिविधियों का आरोप, एसडीएम ने किया निरीक्षण

जेलर की अनुपस्थिति पर उठाए सवाल, जेलर ने स्वास्थ्य करणों का दिया हवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



उपजेल बागली की व्यवस्थाओं और जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया। अभिभाषक संघ ने जेलर संजय शर्मा और जेल स्टाफ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जेल परिसर में नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जताई। इसके बाद अधिवक्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवम यादव को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने बंदियों से मुलाकात में परेशानी, जेलर की अनुपस्थिति और लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ प्रहरी-संत्रियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

मुलाकात में परेशानी, लेनदेन के आरोप

अभिभाषक संघ द्वारा 30 अक्टूबर 2026 को सौंपे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि अधिवक्ताओं को अपने विचाराधीन बंदी पक्षकारों से मुलाकात करने में अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वे कानूनी सहायता और प्रकरण से संबंधित जानकारी के लिए जेल पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें इंतजार और असुविधा का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने जेल प्रशासन पर नियमों के विपरीत गतिविधियां संचालित होने के आरोप भी लगाए हैं। उनका आरोप है कि बंदियों से मुलाकात और बाहर से सामान पहुंचाने के मामले में कथित रूप से नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि इन गतिविधियों के एवज में लेनदेन होने की बात भी शिकायतकर्ताओं ने उठाई है।

जेलर की अनुपस्थिति पर भी उठाए सवाल

अधिवक्ताओं ने जेलर संजय शर्मा की अनुपस्थिति पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि जब वे अपने पक्षकारों से मिलने जेल पहुंचते हैं, उस दौरान जेलर मौजूद नहीं रहते, जिससे परेशानी होती है। इस संबंध में जेलर संजय शर्मा से फोन पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वे स्वास्थ्य संबंधी काम से देवास आए हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अवकाश पर नहीं हैं।

जेलर बोले-नियमों के तहत होती हैं मुलाकातें

बंदियों से मुलाकात और उनके लिए पर्ची अथवा अन्य सामान पहुंचाने के संबंध में जेलर संजय शर्मा ने कहा कि जेल में सभी मुलाकातें निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के तहत कराई जाती हैं। बंदियों तक कोई पर्ची या सामान पहुंचाने के लिए भी तय प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। जेल प्रशासन द्वारा इन्हीं नियमों के अनुसार व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है।

10 साल से अधिक समय से पदस्थ कर्मचारियों पर भी सवाल

अधिवक्ता संघ ने उपजेल में लंबे समय से पदस्थ प्रहरी और संत्रियों की पदस्थापना का मुद्दा भी उठाया है। जानकारी के अनुसार कुछ कर्मचारी 10 साल से अधिक समय से बागली उपजेल में पदस्थ हैं। अधिवक्ताओं ने इन कर्मचारियों की पदस्थापना और कार्यप्रणाली की समीक्षा करने की मांग की है। अधिवक्ता मुकेश गुर्जर ने भी जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को अपने पक्षकारों को कानूनी सहायता देने के लिए जेल जाना पड़ता है। ऐसे में मुलाकात की व्यवस्था पारदर्शी होनी चाहिए और अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए।

अभिभाषक संघ की शिकायत के बाद एसडीएम ने किया उपजेल का निरीक्षण

अभिभाषक संघ की शिकायत के बीच एसडीएम शिवम यादव ने शुक्रवार को बागली उपजेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अब अधिवक्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों और जेल प्रशासन के पक्ष के बीच प्रशासनिक जांच महत्वपूर्ण हो गई है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि शिकायत में लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

दूध टैंकर की टक्कर से मां-बेटी की दर्दनाक मौत, मौसा घायल

भोपाल बायपास पर हुआ सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शुक्रवार दोपहर भोपाल बायपास पर रफ्तार का कहर एक परिवार पर कहर बनकर टूटा। दूध के तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक को ऐसी टक्कर मारी कि मां-बेटी सड़क पर जा गिरीं और टैंकर का पहिया दोनों को कुचलता हुआ निकल गया। हादसे में मां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही बेटी ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे में बाइक चला रहे मौसा भी घायल हो गए।जानकारी अनुसार, शादीखेड़ा निवासी 19 वर्षीय पायल कुशवाह कुछ दिनों से बीमार थी। शुक्रवार को उसकी मां शांताबाई कुशवाह और मौसा पप्पू कुशवाह उसे बाइक से देवास के एक निजी अस्पताल में चेकअप के लिए लेकर जा रहे थे। इसी दौरान भोपाल बायपास पर तेज रफ्तार दूध टैंकर ने उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच टैंकर का पहिया शांताबाई और पायल के ऊपर से गुजर गया।हादसे में शांताबाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पायल ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, घायल पप्पू कुशवाह का उपचार जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर प्रकरण किए दर्ज



देवास। जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में शुक्रवार को सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा गठित आबकारी दलों ने शहर के होटल एवं ढाबों पर सघन जांच की। साथ ही भौंरासा कंजर डेरा एवं सियापुरा में दबिश देकर सर्चिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 80 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 2400 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 56 हजार रुपये है।उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे, महेश पटेल उपनिरीक्षक प्रेम यादव, कैलाश जामोद सहित अन्य शामिल रहे।

15 दिनों से बंद निजी स्कूल, फीस भरने के बाद भी पढ़ाई से वंचित विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



निजी स्कूलों की मनमानी का खामियाजा अब विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। शहर का श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल पिछले 15 दिनों से अधिक समय से बंद है। स्कूल प्रबंधन की ओर से बंद होने का स्पष्ट कारण नहीं बताए जाने से अभिभावक परेशान हैं। मामले को लेकर अभिभावकों और कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्कूल तत्काल शुरू कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से संस्थान बंद रखने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया जा रहा है। कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह गौड़ ने कहा कि अभिभावकों द्वारा पूरी फीस जमा किए जाने के बावजूद बच्चों को नियमित शिक्षा नहीं मिल रही है। वहीं, नीरज नागर ने बताया कि जब अभिभावक अपनी समस्या लेकर स्कूल पहुंचे तो वहां न तो संचालक अनवर खान मौजूद थे और न ही प्रिंसिपल। सुरक्षा गार्ड ने बताया कि 15 तारीख से स्कूल में कोई नहीं आ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर स्कूल दोबारा शुरू कराने तथा विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित करने के लिए जिम्मेदार संचालक और प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

रहवासी क्षेत्रों में पटाखे बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई



सोनकच्छ। दीपावली पर्व पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर सोनकच्छ पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। शुक्रवार को थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट की मौजूदगी में थाना परिसर में पटाखा व्यापारियों एवं लाइसेंसधारियों की बैठक में सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि पटाखों की बिक्री केवल निर्धारित स्थानों पर ही होगी। रहवासी क्षेत्रों में पटाखे बेचते पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंधित कार्बेट गन के विक्रय और उपयोग पर भी कार्रवाई होगी। वहीं, धनतेरस, दीपावली और हाट वाले दिन बाजार की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

पूर्व मंत्री ने फिर उठाई जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए देवास जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि अल्पवर्षा के कारण जिले का किसान परेशान है और कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है, इसके बावजूद शासन द्वारा जारी सूखाग्रस्त जिलों की सूची में देवास को शामिल नहीं किया गया।पूर्व मंत्री वर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन से आते हैं, इसलिए उज्जैन जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया गया, जबकि पास के देवास जिले को छोड़ दिया गया। पूर्व मंत्री वर्मा ने नर्मदा-कालीसिंध परियोजना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कार्यकाल में जिस परियोजना का भूमिपूजन किया गया था, उसका काम पूरा हो चुका है और पाइपलाइन भी डल चुकी है। इसके बावजूद परियोजना को केवल उद्घाटन के इंतजार में शुरू नहीं किया जा रहा है। मांग की कि किसानों को राहत देने परियोजना को चालू किया जाए।

जनपद अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

सोनकच्छ। जनपद पंचायत सोनकच्छ अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर देवास जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मानसून सीजन में पर्याप्त बारिश नहीं होने से जिले के किसानों के सामने गंभीर कृषि संकट खड़ा हो गया है। अल्पवर्षा के चलते खरीफ फसलें प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में ठाकुर ने बताया कि विशेष रूप से सोनकच्छ तहसील में बारिश की स्थिति चिंताजनक रही है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से फसलों की वृद्धि और उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि इंदौर, शाजापुर, हरदा और उज्जैन जिलों में राहत संबंधी निर्णय लिए गए हैं, जबकि देवास जिले के किसान भी अल्पवर्षा और फसल नुकसान से जूझ रहे हैं। ठाकुर ने मांग की है कि देवास जिले में अल्पवर्षा एवं फसल क्षति का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए तथा जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर प्रभावित किसानों को राहत राशि, फसल क्षति का मुआवजा और अन्य पात्र शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

कांग्रेस ने पुतला फूंककर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश से रिक्त हो रही राज्यसभा सीट के लिए भाजपा द्वारा हरदीप सिंह पुरी को उम्मीदवार बनाए जाने के विरोध में देवास में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जवाहर चौक पर हरदीप पुरी का पुतला दहन किया।

इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता हारिस गजधर ने कहा कि भाजपा ने मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए हरदीप पुरी को उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है, जबकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स से जुड़े विवाद में सामने आने का कांग्रेस आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति को मध्यप्रदेश से उम्मीदवार बनाया जाना प्रदेश की जनता का अपमान है। कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संस्था मां शारदा ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नवरात्रि पर्व के दौरान नगर के विभिन्न पंडालों और शक्ति माता मंदिर में गरबा करने वाली 400 से अधिक बालिकाओं को संस्था मां शारदा इंदौर ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का आयोजन शक्ति माता मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में संस्था मां शारदा के प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान उनके द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्रस्तुत गरबा नृत्य की सराहना की। इस अवसर पर संस्था द्वारा 'जल है तो कल है' और 'शराब है खराब' अभियान के पोस्टर एवं स्टीकर का विमोचन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में पानी की कमी को देखते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी है। इस अवसर पर राजेंद्र यादव सहित संस्था के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

जिले के नेमावर में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

53.41 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र किए गए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण अंचल में उद्योग व स्वरोजगार को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को खातेगांव विकासखंड के ग्राम नेमावर में 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे एवं एडीएम संजीव जैन ने ग्रामीणों की समस्याएं और शिकायतें सुनकर मौके पर ही उनका त्वरित निराकरण किया।

उद्योग संवाद हुआ आयोजित

शिविर के दौरान सीईओ जिला पंचायत धुर्वे और एडीएम जैन की उपस्थिति में 'उद्योग संवाद' का आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ नवीत कुमार धुर्वे ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशानुरूप हम सबका यही साझा प्रयास है कि हमारी स्वयं सहायता समूह की 'लखपति दीदियां' ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़ें, नए क्षेत्रों में नवाचार करें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें। संवाद में स्थानीय स्तर पर निवेश को प्रोत्साहन देने, स्वरोजगार के अवसरों के विस्तार तथा कुटीर व लघु उद्योगों के संचालन में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान पर गहन विचार-विमर्श हुआ। अधिकारियों ने महिलाओं द्वारा संचालित स्व-रोजगार गतिविधियों, खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) और जैविक खेती से जुड़े व्यवसायों को शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियां साझा कीं। महिलाओं ने बताया कि किस प्रकार समूह से जुड़ने के बाद उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और वे आर्थिक रूप से संबल होकर अपने परिवार का आधार बनी हैं। स्थानीय उद्यमियों ने भी शासन से मिले सहयोग और अपने बढ़ते व्यवसाय के अनुभव साझा किए।

15 हितग्राहियों को ऋण वितरित

स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यवसाय विस्तार को संबल प्रदान करने के लिए शिविर में बैंकों द्वारा 15 पात्र हितग्राहियों को कुल 53,41,000 के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत 10 हितग्राहियों को कुल 45.41 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 05 हितग्राहियों को कुल 8 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। शिविर व उद्योग संवाद कार्यक्रम में एएसपी सौम्या जैन, एसडीएम खातेगांव राजेंद्र पवार, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण, बैंक प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, उद्यमी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री वर्मा ने शोकाकुल परिवारों को दी सांत्वना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर एवं आसपास के क्षेत्र में हुए आकस्मिक निधन की खबर मिलने पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भौरासा पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। वर्मा कमल सिंह के निवास पहुंचे और उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मीबाई ठाकुर के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ ही पूर्व कांग्रेस पार्षद कैलाश सिंह ठाकुर के भतीजे धर्मेंद्र ठाकुर के आकस्मिक निधन पर भी उनके परिवार से मिलकर दुख व्यक्त किया।इसी क्रम में समीपस्थ ग्राम सुमराखेड़ी पहुंचकर सोहन पटेल के पिता धूलचंद चौधरी के निधन पर उनके निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर मिथुन यादव, जीवन सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव, दिनेश यादव, संदीप चावड़ा, मूलचंद उस्ताद, रमेश ईनानी, बसंत चावड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, ग्राम चापडा तह. बागली जिला देवास म.प्र. मे हाटपीपल्या रोड पर स्थित भुखण्ड जिसका सर्वे नं 1136 रकबा 0.020 हैक्टर का स्थित रहा है जिसमे हमारे पक्षकार राहुल पिता जमनाप्रसाद जायसवाल एवं उनके भाई विजय पिता जमनाप्रसाद जायसवाल का 1/2 1/2 भाग के मान से याने 9x40-9x40 वर्गफिट हक हिस्सा व अधिकार होकर हमारे पक्षकार द्वारा अपने हिस्से के 1/2 भाग के भुखण्ड मे मकान निर्माण पूर्व कर लिया होकर अपने परिवार सहित निवास करते है तथा हमारे पक्षकार के भाई विजय पिता जमनाप्रसाद द्वारा उनके हिस्से के 1/2 भाग के रिक्त पडे भुखण्ड याने 9x40= 360 वर्गफिट को उनकी पत्नि सीमा पति विजय जायसवाल नाम से रजिस्ट्री व नामान्तरण करवाया होकर यदि विजय पिता जमनाप्रसाद द्वारा उनके हिस्से के भुखण्ड को विक्रय अथवा किसी भी प्रकार से हस्तान्तरित किया जाता है तो इसमे हमारे पक्षकार को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही होकर पुर्ण सहमति है तथा भविष्य में भी उक्त भुखण्ड को लेकर कोई आपत्ति नही रहेगी। इस बाबद जाहीर सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। यही सुचित होवे।

भवदीय **कमल मरकोले** एडव्होकेट
कार्यालय- न्यायालय परिसर के सामने
बागली जिला देवास म.प्र. मो.-7879763497

नगर पालिका अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

मुख्यमंत्री ने दिया नगर के सर्वांगीण विकास में मदद करने का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन अभिलाषा ने राज्यमंत्री के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने ललितपुर शहर के समग्र विकास और जनसुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री से गंभीर एवं सार्थक चर्चा की। मुलाकात के दौरान सोनाली जैन ने ललितपुर नगर की प्रमुख समस्याओं, भावी कार्ययोजनाओं और विकास से जुड़ी विभिन्न प्राथमिकताओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने नगर में बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान और सडक़ों के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण जैसे अहम विषयों पर ध्यान आकर्षित कराया।

मुख्यमंत्री ने पूर्ण सहयोग का कहा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना की और ललितपुर नगर के चौमुखी विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता एवं बजट आवंटन का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार निकायों को आत्मनिर्भर और जनसुविधायुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुलाकात के अंत में नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस बैठक के बाद ललितपुर के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

मुलाकात से नए सियासी संकेत

विधानसभा चुनाव 2027 से ठीक पहले सूबे के मुख्यमंत्री से हुई ये मुलाकात नये सियासी समीकरणों को हवा दे रहा है। श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ की मुख्यमंत्री से नजदीकियों के बारे में सभी जानते है। ललितपुर के लगभग सैकड़ा भर लोगों से सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात करवा कर अपना दमखम और मजबूत पकड़ पहले ही दिखा चुके है और शायद अब अपने राजनीतिक विरोधी को पटखनी देने का दांव भी उन्होंने चल दिया हैं। हालांकि यह सिर्फ कयासबाजी ही मानी जायेगी, लेकिन राजनीति के दंगल कब कौन क्या व्यूह रच दे, वो सिर्फ अभिमन्यु के घिरने के बाद ही पता चलता है। सोशल मीडिया पर काफी समय से महिला आरक्षित सीट होने पर सोनाली जैन अभिलाषा की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

कहीं ऑपरेशन लंगड़ा तो नहीं

नगर पालिका की अंदरूनी खींचतान भी किसी से छिपी नहीं है। हर विकास कार्य में एक अधिकारी का अपने निजी मंसूबों के चलते बार बार अपनी टांग अड़ाने के चलते माहौल काफी समय से तनावपूर्ण बना हुआ है और माना जा रहा है पार्षदों के एक धड़े ने कहीं ऑपरेशन लंगड़ा तो नहीं चला दिया है ताकि विकास कार्यों में बार बार अटकने वाली टांग से सदा के लिए मुक्ति मिल जाये, क्योंकि हाल ही में नगर पालिका के धुरंधर बाबूओं के साइड लाइन में जाने में इन पार्षदों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

एडीएम दिनेश कुमार की अध्यक्षता में पहुंची संयुक्त समिति

राजकीय बाल गृह व संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण, बच्चों से संवाद कर परखीं व्यवस्थाएं

भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा और साफ-सफाई की ली जानकारी, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राजकीय बाल गृह और राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला प्रशासन की संयुक्त निरीक्षण समिति ने दोनों संस्थानों का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति एवं विशेष समिति ने दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) और नेहरूनगर स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवप्रिय सारस्वत और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह भी मौजूद रहे। समिति ने सबसे पहले दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया।

यहां रोस्टर के अनुसार अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते मिले। अधिकारियों ने आवासित बच्चों से सीधे बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों ने उपलब्ध व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। इसके बाद मनोरंजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, रसोईघर, शौचालय, स्नानगृह और पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। परिसर में आरओ और वाटर कूलर की सुविधाएं संचालित मिलीं। इसके बाद टीम ने नेहरूनगर स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) पहुंचकर शयन कक्षों, भोजनालय, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समिति के सदस्यों ने वहां निरुद्ध किशोरों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। किशोरों ने भी व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। निरीक्षण के दौरान एडीएम दिनेश कुमार ने दोनों संस्थाओं के प्रभारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के स्वास्थ्य, खानपान और चिकित्सा सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

स्मार्ट सिटी मेला महोत्सव का संचालन

नियमों की अनदेखी का आरोप, बिना खाद्य लाइसेंस के सज रहीं खाने-पीने की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गिन्नौट बाग परिसर में इन दिनों नियम-विरुद्ध तरीके से स्मार्ट सिटी मेला महोत्सव का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। प्रशासनिक अनुमति और धरातल पर मेले के संचालन की स्थिति में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार, मेले के लिए लगभग 20 दुकानों की अनुमति ली गई थी, जबकि मौके पर करीब 70 से अधिक दुकानें सजा दी गई हैं। इस मनमानी से सरकार को राजस्व का भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। स्थान आवंटन के नाम पर मेला संचालक द्वारा दुकानदारों का उत्पीडऩ करने की बात सामने आई है। आरोप है कि दुकानदारों से तय राशि की तुलना में लगभग 5 गुना अधिक किराया वसूला जा रहा है। मेला संचालक की दबंगई के चलते छोटे दुकानदार शिकायत करने से भी डर रहे हैं।

सज रहीं दुकानें

मेले में सुरक्षा व स्वास्थ्य मानकों की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। बिना खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (फूड विभाग) के लाइसेंस के भेलपुरी, पिज्जा तथा राजस्थान के प्रसिद्ध अचार व मुखवास की दुकानें संचालित हो रही हैं। खुलेआम बिक रही इन खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता की जांच न होने से आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

इनका कहना है...

अगर कोई खाने पीने की दुकान संचालित करता है तो उसको खाद्य विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य है अगर नहीं लिया है तो कार्यवाही की जाएगी।

विनोद कुमार, खाद्य एवं औषधि सुरक्षा निरीक्षक

खेत में पानी का पाइप डालने के विवाद में घर में घुसकर मारपीट युवती और भाई को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना पाली क्षेत्र के ग्राम ऐरावनी में खेत में पानी का पाइप डालने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि तीन लोग एक राय होकर युवती के घर में घुस गए और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। बहन को बचाने पहुंचे भाई को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम ऐरावनी निवासी रानी पुत्री शिवराम ने बताया कि 25 अक्टूबर की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने घर पर मौजूद थी। इसी दौरान गांव के ही कृपाल पुत्र जाहर सिंह, प्रमोद पुत्र जाहर सिंह और राज पुत्र कृपाल उसके घर में घुस आए। आरोप है कि घर में आते ही तीनों गाली-गलौज करने लगे और खेत में पानी का पाइप नहीं डालने देने की बात कहते हुए उसके पिता के बारे में पूछने लगे। रानी ने जब आरोपियों को गाली देने से मना किया तो तीनों ने एक राय होकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बहन के साथ मारपीट होते देख उसका भाई प्रिंस बचाने के लिए पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

आज लगेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

जनपद न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी एक नवंबर को जनपद में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर (बृहद विधिक सहायता शिविर) का आयोजन किया जाएगा। शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव कुमार-तृतीय ने जिला दीवानी न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सचिव देवप्रिय सारस्वत ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को विधिक सेवाओं से जोडऩा तथा पात्र व्यक्तियों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को उनके कानूनी अधिकारों, निशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन जिला दीवानी न्यायालय से रवाना होकर जनपद के बाह्य न्यायालय परिसरों, तहसीलों, विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा। इसके माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक नवंबर को आयोजित होने वाले शिविर की जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए जागरूक किया जाएगा। पराविधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) ने आमजन को विधिक सेवाओं से संबंधित पंपलेट वितरित किए।

मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

पुश्तैनी मकान जेसीबी से गिराने का आरोप, न्याय न मिलने पर महिला ने दी अनशन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना बालाबेहट क्षेत्र के ग्राम बालाबेहट निवासी संतोषरानी पत्नी बृजपाल ने अपने पुश्तैनी मकान को जेसीबी मशीन से गिराए जाने और घरेलू सामान ले जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। 9 अप्रैल 2026 को गांव के ही हर्षरन, मन्नू, राकेश, संजय, सचिन सहित अन्य लोगों ने उसके पति और देवर राजकुमार के पुराने पुश्तैनी मकान को कथित रूप से जेसीबी मशीन से गिरा दिया तथा घरेलू सामान ट्रैक्टर में भरकर ले गए।

संतोषरानी का कहना है कि मामले को लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री तक कई बार शिकायत की। 23 मई 2026 को थानाध्यक्ष, लेखपाल और कानूनगो की मौजूदगी में राजीनामा भी हुआ था, जिसमें विपक्षियों द्वारा मकान बनवाने और रास्ता देने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं, 27 जून 2026 को राजस्व विभाग की जांच में उक्त भूमि आबादी की बताई गई थी। आरोप लगाया कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां भी दी जा रही हैं। उसने चेतावनी दी है कि न्याय नहीं मिलने पर 29 अक्टूबर 2026 को घंटाघर मैदान में अनशन करेगी। इस मामले में बसपा अध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध ने भी संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है। अब देखना यह है कि पीड़िता को न्याय मिलता है या उसे अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ता है।



डीएपी व एनपीके की निर्धारित बिक्री मूल्य से अधिक वसूली पर प्रशासन को दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में खाद वितरण को लेकर किसानों के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे और उन्हें निर्धारित दरों पर ही उर्वरक उपलब्ध हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से विभिन्न कंपनियों की डीएपी एवं एनपीके खाद के बिक्री मूल्य की जानकारी दी गई है। किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही खाद खरीदने तथा अधिक कीमत वसूलने वाले विक्रेताओं की शिकायत तत्काल जिला प्रशासन से करने की अपील की गई है। जारी सूचना के अनुसार इफको एवं कृभको कंपनी की डीएपी खाद की सरकारी निर्धारित बिक्री दर 1,350 रुपये प्रति बोरी है। वहीं इफको कंपनी की एनपीके (20:20:0:13) खाद का मूल्य 2,100 रुपये प्रति बोरी तथा नर्मदा कंपनी की एनपीके (20:20:0:13) खाद का निर्धारित बिक्री मूल्य 2,300 रुपये प्रति बोरी तय किया गया है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वह खाद की खरीद केवल अधिकृत बिक्री समितियों एवं उर्वरक केंद्रों से ही करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों अथवा भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। खाद खरीदते समय निर्धारित मूल्य की जानकारी अवश्य रखें और विक्रेता से निर्धारित दर पर ही उर्वरक प्राप्त करें। यदि कोई दुकानदार, विक्रेता या खाद वितरण केंद्र संचालक निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि की मांग करता है तो किसान इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें, जिससे संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का कहना है कि किसानों को समय से और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी अनियमितता की जानकारी संबंधित को पहुंचाएं।

कमलेश सर्राफ ने समस्याएं लिखित रूप में प्रस्तुत करने की अपील की

जिला व्यापार बंधु समिति ने व्यापारियों की उठाईं समस्याएं, अफसरों ने दिया निस्तारण का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक एडीएम दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपायुक्त राज्य कर हीरालाल जायसवाल की सूचना के क्रम में आयोजित बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। बैठक से पूर्व स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश सर्राफ ने जिले के व्यापारी बंधुओं से अपने व्यापार से संबंधित समस्याओं को लिखित रूप में प्रस्तुत करने की अपील की थी, ताकि उन्हें समिति की बैठक में रखकर संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान कराया जा सके। बैठक में व्यापारियों द्वारा उठाए गए विभिन्न व्यापारिक एवं प्रशासनिक मुद्दों को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना।

संबंधित विभागों के अधिकारियों ने समस्याओं पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनका शीघ्र एवं संतोषजनक निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। बैठक में उपायुक्त राज्य कर हीरालाल जायसवाल, एडीएम दिनेश कुमार, ए.सी. राज्यकर अरविन्द कुमार मिश्र, एलडीएम हरीश कुमार, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश सर्राफ, प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, संगठन मंत्री राघवेन्द्र सिंह बुंदेला, जिला महामंत्री अनिल जैन बबड़ी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, जिला मंत्री अभिषेक जैन मुच्छाल, सतीश चडढ़ा, राजू सिंधी, जिला संयुक्त महामंत्री, अभिषेक अनौरा, व्यापार मंडल के नगर मंत्री शोभित समैया, जिला मंत्री राजकुमार जैन, संगठन मंत्री अशोक स्वर्णकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र दिवाकर, जिला संयुक्त महामंत्री अभिषेक अनंत, जिला मंत्री जितेंद्र जैन, सुबोध गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

तहसील सभागार में लॉटरी पद्धति से होगा दुकानों का आवंटन

दीपावली पर आतिशबाजी की 50 अस्थाई दुकानों के लिए लाइसेंस होंगे आवंटित

पांच नवंबर को निकलेगी लॉटरी, 3 नवंबर तक जमा होंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दीपावली पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आतिशबाजी (पटाखों) की अस्थायी दुकानों के लाइसेंस आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्यालय उप जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी सार्वजनिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष 6 से 8 नवंबर 2026 तक के लिए आतिशबाजी की कुल 50 अस्थायी दुकानों के लाइसेंस आवंटित किए जाएंगे। दुकानों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी पद्धति से किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इच्छुक आवेदक 30 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 तक शाम 5 बजे तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क का चालान बैंक में जमा करना होगा। इसके बाद 4 से 5 नवंबर तक संबंधित थानों से आवेदकों के संबंध में पुलिस आख्या प्राप्त की जाएगी। दुकानों का आवंटन 5 नवंबर को शाम 4 बजे से तहसील सभागार में लॉटरी पद्धति के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्य समाप्ति तक जारी रहेगी। विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि इच्छुक आवेदकों को निर्धारित आवेदन पत्र की मूल प्रति के साथ जीएसटी प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त पहचान के लिए आधार कार्ड अथवा अन्य मान्य पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा। आवश्यक अभिलेख संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर आवेदन उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में जमा करना होगा। 3 नवंबर को शाम 5 बजे के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने इच्छुक आवेदकों को सलाह दी है कि आवेदन करने से पहले लाइसेंस आवंटन से संबंधित सभी नियम एवं शर्तों की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

प्रेस क्लब में राष्ट्रीय सचिव जगदीश चंद्र जांगिड़ और जिला पर्यवेक्षक राहुल राय ने ली बैठक

लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ रैली के लिए दिल्ली जाएंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आगामी एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली कांग्रेस की लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से ललितपुर प्रेस क्लब में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं बुंदेलखंड प्रभारी जगदीश चंद्र जांगिड़ तथा ललितपुर जिला पर्यवेक्षक राहुल राय ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रैली में जिले से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की रक्षा और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को रैली के उद्देश्य से अवगत कराने तथा दिल्ली पहुंचने के लिए संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां करने की अपील की। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं बुंदेलखंड प्रभारी जगदीश चंद्र जांगिड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ रैली जनता की आवाज को उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पूरी एकजुटता के साथ रैली में शामिल होने का आह्वान किया। जिला पर्यवेक्षक राहुल राय ने कहा कि कांग्रेस संगठन की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। किसी भी कार्यक्रम की सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और आपसी समन्वय पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ललितपुर जिले की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी संगठनात्मक इकाइयां सक्रिय होकर काम करें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी रैली को सफल बनाने के लिए गंभीरता से तैयारियों में जुटी है। जिले के सभी ब्लॉक, नगर और विभिन्न संगठनात्मक इकाइयों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क कर दिल्ली पहुंचने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। सभी कांग्रेसजन एक नवंबर की रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने किया। इस अवसर पर मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, प्रदीप कुशवाहा, राकेश रजक, कुलदीप पाठक, शोभा राजे आदि मौजूद रहे।



एक नवंबर की रैली में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान

चांदबड़ली में 64 लाख से बन रहा सेंटर, पेयजल दूषित होने व मक्खियों के प्रकोप की शिकायत

अब कचरे पर सियासतः एमआरएफ सेंटर के निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने रुकवाया काम

पूर्व विधायक गिरीश भंडारी पहुंचे मौके पर, विधायक मोहन शर्मा बोलेः जनहित के मुद्दों पर राजनीति उचित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



नगर परिषद के कचरा प्रबंधन से जुड़ा मामला अब चांदबड़ली गांव में विवाद का विषय बन गया है। स्वच्छता मिशन के तहत करीब 64 लाख रुपए की लागत से चांदबड़ली स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में बनाए जा रहे मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर के निर्माण का गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध किया और काम रुकवा दिया। ग्रामीणों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के आसपास मक्खियों का प्रकोप बढ़ने, पेयजल स्रोतों का पानी दूषित होने की आशंका और कचरा जलने से निकलने वाले धुएं से परेशानी होने की शिकायत की। विरोध की सूचना मिलने पर नरसिंहगढ़ के पूर्व विधायक गिरीश भंडारी सहित कांग्रेस के अन्य नेता मौके पर पहुंचे। वहीं, नगर परिषद के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों की आपत्तियां सुनीं और समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक निरीक्षण कराने का आश्वासन दिया। मामले में विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नगर के कचरे के संग्रहण और प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था के लिए एमआरएफ सेंटर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर राजनीति करना उचित नहीं है और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर समस्या का हल निकाला जाएगा।

सुबह कचरा लेकर पहुंचे वाहन, ग्रामीणों ने जताया विरोध

गुरुवार सुबह करीब 7 बजे नगर परिषद के सभी 15 वार्डों से गीला और सूखा कचरा एकत्रित कर वाहन चांदबड़ली स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। यहां एमआरएफ सेंटर का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान गांव के पूर्व सरपंच अनीश खान, समीर खान, सादिक खान, मोहम्मद सदीक सहित अन्य ग्रामीण और महिलाएं मौके पर पहुंच गईं। ग्रामीणों ने कचरा डालने और निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए विरोध किया, जिसके बाद काम रुकवा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड आबादी क्षेत्र के नजदीक होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, आसपास के घरों में मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है, पेयजल स्रोतों के दूषित होने की आशंका है और कचरा जलने से उठने वाला धुआं भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य और पेयजल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

पेयजल और भूमि चयन पर सवाल उठाए

ग्रामीणों के विरोध की जानकारी मिलने पर नरसिंहगढ़ के पूर्व विधायक गिरीश भंडारी मौके पर पहुंचे। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खुर्शीद मेव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश दला और पार्षद प्रतिनिधि लखन चैहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों की शिकायतों का समर्थन करते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड की स्थिति, पेयजल स्रोतों और भूमि चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। पूर्व विधायक गिरीश भंडारी ने कहा कि चांदबड़ली में ट्रेंचिंग ग्राउंड पर स्थायी निर्माण होने से ग्रामीणों को प्रदूषण संबंधी परेशानी हो रही है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में एसडीएम ने ग्रामीणों को वहां के पेयजल स्रोतों का पानी नहीं पीने की सलाह दी थी और पानी दूषित होने की शिकायत भी कचरे से जुड़ी है। भंडारी के अनुसार, ट्रेंचिंग ग्राउंड बनने से पहले ग्राम पंचायत स्तर पर भी आपत्तियां उठाई गई थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि पटवारी की रिपोर्ट में आबादी क्षेत्र से संबंधित आपत्ति दर्ज थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने ग्रामीणों को एक दिन में स्थायी समाधान तलाशने का आश्वासन दिया है।

एमआरएफ सेंटर से नहीं होगी परेशानी

मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान और थाना प्रभारी जितेंद्र मवई भी पहुंचे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। इसके बाद निर्माण कार्य रोककर शुक्रवार को प्रशासनिक निरीक्षण के माध्यम से समस्या का समाधान तलाशने का आश्वासन दिया गया। बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने कांग्रेस पर कचरे के मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि राजस्व विभाग द्वारा नगर परिषद को आवंटित की गई है। भूमि आवंटन के समय दावा-आपत्ति की प्रक्रिया अपनाई गई थी या ग्राम पंचायत की ओर से कोई आपत्ति दर्ज कराई गई थी, इस संबंध में किए जा रहे दावों की पुष्टि आवश्यक है।

नियमों के अनुसार हो रहा निर्माण बाधा डालने पर कार्रवाई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चौहान ने कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए पूर्व में अपनाई गई प्रक्रिया और शासकीय मापदंडों के अनुसार एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति शासकीय निर्माण कार्य में व्यवधान पैदा करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद का कहना है कि एमआरएफ सेंटर का उद्देश्य गीले और सूखे कचरे का उचित प्रबंधन, उपयोगी सामग्री का पृथक्करण तथा कचरे से खाद बनाने जैसी प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना है। वहीं, ग्रामीणों की प्रमुख चिंता सेंटर के आसपास की आबादी, पेयजल स्रोतों और प्रदूषण से जुड़ी है।

किसान सम्मान निधि की 24वीं किश्त

बुरहानपुर के 59,547 किसानों के खातों में पहुंची राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किश्त जारी की। इसके तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18,680 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेजी गई। बुरहानपुर जिले के 59,547 पात्र किसानों के खातों में 2,000 रुपए प्रति किसान के हिसाब से कुल 11 करोड़ 90 लाख 94 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा और सुना।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को हर साल 6,000 रुपए तीन किश्तों में दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत भी पात्र किसानों को हर साल अतिरिक्त 6,000 रुपए मिलते हैं। इस तरह दोनों योजनाओं को मिलाकर पात्र किसानों को सालाना कुल 12,000 रुपए की सहायता दी जाती है।

जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, पूर्व महापौर अतुल पटेल और डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

आज तीन घंटे रहेगा विद्युत प्रदाय बंद

नलखेड़ा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आज शनिवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र नलखेड़ा पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत प्रदाय अस्थायी रूप से बंद रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 33/11 केवी से जुड़े 11 केवी फीडर नलखेड़ा टाउन, देवी जी फीडर, कोर्ट फीडर, पिलवास सिंचाई फीडर, भैंसोदा सिंचाई फीडर, सामरी सिंचाई फीडर एवं धरौला सिंचाई फीडर का विद्युत प्रदाय मेंटनेंस समयावधि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगा। इस समय को आवश्यकतानुसार घटाया व बढ़ाया भी जा सकता है।

सांसद की पहल पर शिवाजी नगर ओवरब्रिज-अंडरपास की कवायद तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



शिवाजी नगर और चिंचाला क्षेत्र के 20 हजार से अधिक रहवासियों की वर्षों पुरानी ओवरब्रिज-अंडरपास की मांग पर अब तेजी से कार्रवाई हो रही है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की पहल पर लगातार तीसरे दिन रेलवे की तकनीकी टीम ने स्थल निरीक्षण किया।

शुक्रवार को मध्य रेलवे के सहायक मंडल अभियंता एच.ओ. मीना अपनी टीम के साथ शिवाजी नगर पहुंचे। सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटील और रेल समिति सदस्य मनोज सोनी के साथ उन्होंने करीब एक घंटे तक स्थल की नपती की और ओवरब्रिज व अंडरपास दोनों विकल्पों की तकनीकी संभावना परखी। क्षेत्रवासियों से चर्चा कर उनकी परेशानियां भी जानीं।

सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटील ने अधिकारियों को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, बढ़ती आबादी और रेलवे क्रॉसिंग से होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील लंबे समय से इस मुद्दे को भुसावल और नागपुर में रेलवे बोर्ड की बैठकों में उठा रहे हैं। 27 अक्टूबर को डीआरएम पुनीत अग्रवाल ने सांसद के साथ निरीक्षण किया था, 28 अक्टूबर को इंजीनियरों की टीम ने नपती की और 30 अक्टूबर को सहायक अभियंता एच.ओ. मीना ने विस्तृत निरीक्षण किया। लगातार तीन चरणों के निरीक्षण से स्थायी समाधान की उम्मीद बढ़ी है। निरीक्षण के दौरान वामन मोटे, राजू पाटीदार, दिलीप दिवेकर, जोतिबा धड़स सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में भूमिका निभा रहीं प्रस्फुटन समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में शुक्रवार को नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा कयामपुर सेक्टर में नवांकुर योजना अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण (प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान) आयोजित किया गया। सेक्टर कयामपुर की सक्रिय प्रस्फुटन समितियों के साथ प्रशिक्षण आयोजित कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रशिक्षण में विकासखंड समन्वयक श्री नारायणसिंह निनामा ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को दस्तावेज, बैनर, बोर्ड के साथ अपडेट रहना होगा। शासन और जनता के मध्य मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सेतु का काम कर रहा है। शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में आप सभी अहम भूमिका निभाएं। परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने कहा कि शासन की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करने में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के माध्यम से साइबर क्राइम को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है, इसके बारे में भी विद्यार्थी प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कयामपुर के अध्यक्ष विनय शर्मा, पवन सेठिया, दिलीप भटनागर, दिलीप कुमार जैन, डॉ. नरेंद्र लक्षकार, अभिषेक सेठिया, रामनारायण विश्वकर्मा, महेश सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी, सीएम इंटर्न धारणा गंधर्व सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन दिलीप भटनागर ने किया व आभार विनय शर्मा ने माना।

नेपानगर में आदिवासियों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया

कहाः वन विभाग कुएं खोदने से रोक रहा, कई पात्र परिवारों को वनाधिकार पट्टे नहीं मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



जिले के नेपानगर में शुक्रवार दोपहर बाकड़ी, मांडवा और आसपास के गांवों से आदिवासी समाज के लोग वनाधिकार पट्टों समेत अन्य मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारी पहले नेहरू स्टेडियम मैदान में जुटे। इसके बाद नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम सृजन श्रीवास्तव जन विश्वास शिविर में गए थे, इसलिए वे कार्यालय में नहीं मिले।

विश्वास शिविर में गए थे, इसलिए वे कार्यालय में नहीं मिले। तहसीलदार गजानन वास्कले ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। हालांकि, आदिवासी समाज के लोग एसडीएम को ही ज्ञापन देने पर अड़े रहे। प्रदर्शन को देखते हुए कार्यालय में पुलिस बल भी तैनात रहा।

पात्र परिवारों को पट्टे नहीं मिलने का आरोपः आदिवासी एकता संगठन के कार्यकर्ता रतन खरते ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत कई पात्र आदिवासी परिवारों को अब तक पट्टे नहीं मिले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही जगह पर एक व्यक्ति को वन भूमि का पट्टा मिल गया, जबकि वर्षों से उसी भूमि पर काबिज दूसरा व्यक्ति पट्टे से वंचित है। खरते ने कहा कि वे मौके पर जांच कराने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अधिकारियों से मांडवा और बाकड़ी गांव पहुंचकर स्थिति देखने की मांग की। उनका कहना था कि एसडीएम के आकर जवाब देने तक वे वहीं बैठे रहेंगे, चाहे इसके लिए 10 दिन ही क्यों न लग जाएं।

मां बगलामुखी दरबार में सुंदरकांड का पाठ कर विशाल कन्या भोज व भंडारा कराया, हजारों कन्याओं ने ग्रहण की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



नगर में नवरात्र के अवसर पर मां बगलामुखी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बुधवार को वार्ड क्रमांक 14 में गायत्री शक्तिपीठ के समीप स्थित मां बगलामुखी दरबार में विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

दोपहर 4 बजे से शुरू हुआ आयोजन रात 11 बजे तक चला। इसमें हजारों कन्याओं ने प्रसादी ग्रहण की, वहीं बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भी भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की।आयोजन के एक दिन पूर्व मंगलवार रात को दरबार में सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बुधवार को कन्या भोज एवं भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

विधायक ने की दरबार की साज-सज्जा की सराहना

भंडारे में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने नवरात्र के दौरान मां बगलामुखी दरबार में की गई आकर्षक साज-सज्जा की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। विधायक शर्मा ने कहा कि हर वर्ष कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन करना सराहनीय पहल है। इस धार्मिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने वाले समिति के सदस्य, आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालु और सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोग प्रशंसा के पात्र हैं।

महिलाओं ने की पति की दीर्घायु की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



करवा चौथ के अवसर पर पंजाबी महिला विकास समिति, बुरहानपुर द्वारा पारंपरिक उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। कार्यक्रम कंचन सलूजा के निज निवास पर आयोजित हुआ।

समिति की महिलाओं ने सुंदर पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर सहभागिता की। महिलाओं ने पूजा की थालियां सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि व पति की दीर्घायु की कामना की। पूरे आयोजन में भारतीय संस्कृति और आपसी सौहार्द की झलक देखने को मिली। समिति की अध्यक्ष कंचन सलूजा ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को एकजुट करने और भारतीय संस्कृति व पारंपरिक त्योहारों के महत्व को बनाए रखने का संदेश देते हैं।

सचिव पम्मी बिंद्रा ने कहा कि करवा चौथ प्रेम, विश्वास, समर्पण और पारिवारिक खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देता है। कार्यक्रम में पंजाबी समाज सहित अन्य हिंदू समाज की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं।

दिवाली का सीजन नजदीक होने से व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी

अव्यवस्थित वाहन खड़े रहने से राहगीरों व व्यापारियों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



अव्यवस्थित यातायात दिनोंदिन बिगड़ती जा रही व्यवस्था से परिणाम यह कि राहगीरों को जाम जैसी परेशानी भुगतना पड़ता है।लेकिन जिम्मेदार प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर में आए दिन लगने वाले जाम से आमजन, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इन दिनों किसानों की फसल मंडी में आने के कारण ट्रैक्टरों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे दुपहिया वाहनों सहित अन्य वाहन चालकों को जाम में फंसना पड़ रहा है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे सब्जी मंडी क्षेत्र में लगभग 20 से 30 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी हुई। वहीं, इंदर चौराहे से अस्पताल परिसर के सामने तक दुकानों के बाहर अव्यवस्थित तरीके से खड़े दुपहिया वाहनों के कारण भी यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़क पर जगह कम होने से चारपहिया वाहन चालकों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

दिवाली पर बढ़ेगी परेशानी व्यापारियों को भी चिंता

दिवाली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी तेज होंगी। वर्तमान में ही यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है, तो त्योहार के दौरान हालात और अधिक खराब होने की आशंका है। जाम के कारण व्यापारियों को भी अपना माल लाने-ले जाने और ग्राहकों तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आखिर कब जागेगा प्रशासन

नगरवासियों का सवाल है कि आखिर जिम्मेदार प्रशासन यातायात व्यवस्था को लेकर कब गंभीर होगा? सब्जी मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टरों की आवाजाही को व्यवस्थित करने, प्रमुख मार्गों पर अव्यवस्थित पार्किंग रोकने तथा इंदर चैराहे से अस्पताल परिसर अटल चौक तक यातायात सुचारू रखने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो दिवाली के दौरान नगरवासियों और व्यापारियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. सुधीर रायजादा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं के मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व, उनकी तैयारी एवं उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाएं युवाओं के लिए सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन एवं निरंतर प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिलीप सिंह ने छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे वढरउ, टढढरउ, बैंकिंग, रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग एवं अन्य शासकीय सेवाओं की परीक्षाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा की चयन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, तैयारी की रणनीति, अध्ययन सामग्री एवं समय प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। साथ ही छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।